आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया।
- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा –सहकारी समितियों का देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।
- भारतीय व्यंजन महोत्सव के समापन अवसर पर कल पर्यटन निदेशक ने कहा–इस तरह के आयोजनों से सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा मिलता है।
- केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण कोलकाता पीठ चौदह जुलाई से सर्किट बैठक का आयोजन करेगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स देशों और साझेदारों के साथ 'बहुपक्षवाद, आर्थिक–वित्तीय मामलों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर आयोजित संपर्क सत्र में भाग लिया। उन्होंने न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा संचालित परियोजनाओं में मांग आधारित दृष्टिकोण और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कृषि–जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षा क्षेत्र में भारत की पहल का उल्लेख किया और ब्रिक्स विज्ञान और अनुसंधान कोष बनाने का आह्वान किया। उन्होंने अगले वर्ष भारत की मेजबानी में आयोजित होने वाले "एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन" के लिए ब्रिक्स साझेदार देशों को आमंत्रित किया।

<><><><><><><><>

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सहकारी समितियों का देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुजरात के आणंद में एक समारोह में श्री शाह ने यह बात कही। श्री शाह ने कहा कि दो लाख नई प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां, सहकारिता विश्वविद्यालय और खाद्यान्न उत्पादन तथा बिक्री से जुड़ी तीन और डेयरी से संबंधित तीन सहकारी समितियां देश के सहकारी आंदोलन को और सशक्त बनाएंगी। श्री शाह ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

<><><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने आज नई दिल्ली में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद– इंस्टीट्यूट ऑफ जिनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बॉयोलॉजी में अत्याधुनिक फीनोम इंडिया नेशनल बॉयोबैंक का उद्घाटन किया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह बॉयोबैंक देशभर में गहन अनुवांशिकी अध्ययन, जीवन शैली और स्वास्थ्य संबंधी अन्य जानकारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस बॉयोबैंक में दस हजार व्यक्तियों का व्यक्तिगत ब्यौरा है। इससे बीमारियों का जल्दी पता चल सकेगा और उनका निदान हो सकेगा। इसके अलावा मधुमेह, कैंसर, हृदय संबंधी रोग तथा अनुवांशिक तौर पर विसंगतियों का बचाव और उपचार हो सकेगा। इस अवसर पर डॉ सिंह ने शोध संस्थानों, सरकारी विभागों तथा औद्योगिक भागीदारों के बीच गहन सहयोग पर जोर दिया।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय ने चौबीस से छब्बीस जुलाई तक आयोजित होने वाले इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट बंगलुरू में भाग लेने के लिए ऑपरेटरों और ट्रैवल एजेंटो से आवेदन आमंत्रित किया है। इसमें भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति तीस हजार रूपये की भागीदारी शुल्क के साथ आज शाम चार बजे तक निदेशालय के वरिष्ठ लेखा अधिकारी के पक्ष में डी डी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया के अंडमान चैप्टर ने अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के सहयोग से रंगाचांग स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। यह पहल ए डी टी ओ आई अंडमान चैप्टर के अध्यक्ष मोहन विनोद के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान के जिला परिषद के उपाध्यक्ष भूमिनाथन भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग और अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय 'भारतीय व्यंजन महोत्सव– 2025' का कल समापन हो गया। समापन समारोह में पर्यटन निदेशक विनायक चमड़िया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने महोत्सव के सर्वश्रेष्ठ फूड स्टॉल को पुरस्कार प्रदान किए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में तीन दिवसीय महोत्सव के प्रबंधों और सुचारू संचालन के लिए पर्यटन विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग और संबद्ध विभागों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के महोत्सवों के आयोजन से लोगों में सामुदायिक भावना और सांस्कृतिक गौरव को

बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्थानीय परंपराओं और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पीक और ऑफ–सीजन दोनों के दौरान ऐसे और अधिक महोत्सव आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा। इससे पहले, उपस्थिति का स्वागत करते हुए कला एवं संस्कृति निदेशक प्रियंका कुमारी ने महोत्सव के सुचारू संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की। महोत्सव के दौरान, सर्वश्रेष्ठ तीन खाद्य स्टालों का चयन किया गया और उन्हें नकद पुरस्कार दिए गए।

<><><><><><><>

केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण कोलकाता पीठ की ओर से चौदह से पच्चीस जुलाई तक श्री विजयपुरम में सर्किट बैठक का आयोजन किया जाएगा। उप–पंजीयक ने विभागीय लोगों से अपने संबंधित केस दस्तावेजों के साथ सरकारी वकील और अधिवक्ताओं से संपर्क करने का अनुरोध किया है। विभागाध्यक्षों से भी अपने नोडल अधिकारियों से संबंधित दस्तावेजों के साथ सुनवाई की दिन बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश देने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन की ओर से कल अंडमान निकोबार राज्य अंडर–11 शतरंज चैंपियनशिप–सह–चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति कौशिक चंदा ने मुख्य अतिथि और अंतर्राष्ट्रीय अरबिटर एच दिनेश सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने शीर्ष बोर्ड पर पहला कदम रखकर औपचारिक रूप से चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में न्यायमूर्ति चंदा ने अंडर–11 श्रेणी में युवा प्रतिभाओं को खेलों में अवसर प्रदान करने के लिए एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम में कुल 146 युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। दोनों श्रेणियों में शीर्ष पंद्रह खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रत्येक श्रेणी के शीर्ष दो खिलाड़ियों को द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है, जो महाराष्ट्र में 2 से 8 अगस्त तक आयोजित होने वाली 38वीं राष्ट्रीय अंडर–11 शतरंज चैंपियनशिप–2025 में भाग लेंगे। चयनित खिलाड़ियों से 9 जुलाई शाम 5:30 बजे तक अपने सहमति पत्र प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमान वन स्टेशन द्वारा 100 से ज्यादा वन्य जीव अपराधों का भंडाफोड़ किए जाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने बर्मिंघम में भारत को 58 साल में मिली  पहली जीत के समाचार को अपने अखबार के अंतिम पन्ने में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने कार निकोबार क्षेत्र में सड़कों की खराब हालत के समाचार को प्रमुखता से छापा है। इंफो इंडिया ने हरिनगर मंडल कार्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दिए जाने और आटो द्वारा वृक्षारोपण किए जाने के समाचार को प्रकाशित किया है, जबकि द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त क्षेत्र किए जाने के समाचार को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>